## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 875 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़ ।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 16 सितम्बर तक 875 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 904.5 मिली मीटर, पुसौर में 1052, खरसिया में 790.9, सारंगढ़ में 971, बरमकेला में 769.8, घरघोड़ा में 837.6, तमनार में 772.2, लैलूंगा में 882.9, धरमजयगढ़ में 942.1, सरिया में 765.5 तथा छाल तहसील में 931.5 तथा मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आईटीआई में मेहमान प्रवक्ता के लिए 30 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़ ।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ के अंतर्गत जिले के विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित व्यवसायों व विषयों के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने के लिए प्रशिक्षण सत्र 2021-22 हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर)के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक 30 सितम्बर 2021 को सायं 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन पत्र शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### शासकीय उचित मूल्य की दुकान का ताला तोड़कर 35 बोरी चावल व 4 बोरी शक्कर चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शासकीय उचित मूल्य की दुकान से करीब 17 क्विंटल चावल एवं 2 क्विंटल शक्कर चोरी कर लेने की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम मानिकचौरी अभनपुर निवासी केशव राम साहू 45 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह ग्राम पी जाम गांव में शासकीय उचित मूल्य की दुकान में सेल्स मेन का काम करता है। 15 सितंबर को सुबह जब वह दुकान पहुचा तब शासकीय दुकान का ताला टुटा हुआ मिला। दुकान के अंदर रखे 230 कट्टा चावल में से 35 कट्टा चावल व 2 क्विंटल शक्कर नही था। किसी ने दुकान के अंदर से ताला तोड़कर 17 क्विंटल 50 किलों चावल तथा 2 क्विंटल शक्कर चोरी कर लिया है। जिसकी अनुमानित कीमत शासकीय मूल्य अनुसार 5150 रुपये है। पुलिस ने मामले की शिकायत पर अपराध कायम दर्ज कर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### इंडिगो की रायपुर पुणे फ्लाइट का हुआ शुभारंभ, पहले राउण्ड में 130 यात्री रवाना

**रायपुर (आरएनएस)।** इंडिगो विमान सेवा द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी सहित आसपास के जिलों में यात्रियों को अब तक रायपुर से पुणे के लिए फ्लाइट सेवा उपलब्ध नहीं थी। इसी कड़ी में आज इंडिगो ने रायपुर से पुणे के लिए पहली फ्लाइट रवाना की प्रथम यात्री परिवार के रूप में बोर्डिंग पास तिवारी परिवार को प्राप्त हुआ। पहले राउण्ड में 130 यात्री रायपुर से पुणे के लिए रवाना हुए। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट टर्मिनल के निदेशक राकेश रंजन सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सेवा सप्ताह में 4 दिन मंगलवार गुरूवार शनिवार एवं रविवार को हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को प्राप्त होगी। अब रायपुर के यात्रियों को केवल दो घंटे में पुणे पहुंचकर अपना कामकाज निपटाने में महत्वपूर्ण सुविधा इंडिगों के सौजन्य से उपलब्ध होगी।

### स्थाई वारंटी एक नक्सली मिलिशिया कमाण्डर गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत थाना बासागुड़ा एसटीएफ एंव केरिपु 168 का संयुक्त बल पिसेपारा, पाकेला, चिपुरभट्टी, बोरगनगुड़ा की ओर निकली थी। अभियान के दौरान संयुक्त पार्टी द्वारा 01 नक्सली मिलिशिया कमाण्डर तेलम सुखराम पिता कोसा उर्फ कोवा जाति मुरिया निवासी चिपुरभट्टी थाना बासागुड़ा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार नक्सली मिलिशिया कमाण्डर तेलम सुखराम केरिपु तर्रेम, पेगड़ापल्ली केम्प के लिये राशन ले जा रहें व्यापारी को राजपेंटा पुलिया के पास रोकर मारपीट कर राशन एवं मोटर सायकल लूट की घटना में शामिल था, थाना बासागुड़ा में 01 स्थाई वारंट भी लंबित है। थाना बासागुड़ा में कार्यवाही उपरान्त न्यायिक अभिरक्षा में आज न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया।

# महानदी में जलस्तर बढ़ने से बरमकेला तहसील के 2 गांव के 67 लोगों को राहत कैम्प में किया गया शिफ्ट

» कलेक्टर भीम सिंह स्थिति की कर रहे लगातार मॉनिटरिंग

» राहत कार्य में लगी हैं प्रशासन की टीम, घटने लगा है कलमा बैराज में जलस्तर







**रायगढ़।** प्रदेश के अन्य जिलों में हुई बारिश से महानदी के जलस्तर में हुई वृद्धि से बरमकेला तहसील के कुछ तटीय गांवों में पानी घुसा है। कलेक्टर भीम सिंह लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रभावित गांवों में राहत व बचाव कार्य जारी रखने के निर्देश दिए हैं। प्रभावित गांवों के बारे में एसडीएम सारंगढ़ चौबे ने बताया कि बोरीदा और ठेंगागुड़ी के डूबान क्षेत्र के पास के निचले इलाकों के घरों के 67 लोगों को लुकापारा कैम्प में शिफ्ट किया गया है। इस दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि व पशुहानि नहीं हुई है। इसके साथ ही विजयपुर और सांकरा के मोहदी और राबो में गांव के कुछ हिस्सों में पानी आ गया है। किंतु वहां लोगों को शिफ्ट करने वाली स्थिति नहीं है। प्रशासन की टीम राहत एवं बचाव कार्य में लगी हुई है। आपातकालीन स्थिति में जरूरत पड़ने पर पास के पँचधार, सरिया, सांकरा और बोंदा में भी राहत कैम्प शुरू करने की तैयारी की गयी है साथ ही होम गार्ड की टीम भी मोटर बोट के साथ भेजी गयी है। इसी प्रकार पुसौर तहसील के सूरजगढ़ के नीचेपारा में भी पानी आने के कारण वहां निवास करने वाले 126 लोगों को सूरजगढ़ के ऊपर पारा स्थित सामुदायिक भवन में राहत कैम्प बनाकर शिफ्ट किया गया है।

### घटने लगा है कलमा बैराज में जलस्तर

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता मजूमदार ने बताया कि 2 बजे की स्थिति में कलमा बैराज में जलस्तर खतरे के निशान से 1.97 मीटर नीचे है। बैराज के सभी 66 गेट खुले हुए हैं। हीराकुद डैम के 28 गेट भी खुले हुए हैं। जलस्तर में पिछले 2 घंटे में 5 सेमी की कमी आयी है और संभावना है कि शाम तक इसमें 5 से 10 सेमी की कमी और आ सकती है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक आयोजित



**रायगढ़ ।** जिला प्रशासन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के मार्गदर्शन में आज समस्त विकासखंड से खंड चिकित्सा अधिकारी व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक के साथ जिला स्थानीय कार्यालय के आरोग्यम् सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.एस.टोप्पो एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के लक्ष्य के अनुरूप समीक्षा बैठक ली गई तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्य को करने के लिये कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में आयुष्मान भारत योजना के तहत 18 चिन्हांकित बीमारियों के विषय में विशेष चर्चा की गई। अधिक से अधिक लोगों का कार्ड बनाकर हितग्राही को लाभ दिलाने के निर्देश दिये गये। जिसका 15 सितम्बर से 30 सितंबर तक अभियान के तहत कार्ड बनाया जायेगा। सुपोषण योजना के तहत कुपोषित बच्चों को चिन्हाकिंत कर रायगढ़ एनआरसी सेंटर में भेजने के सख्त निर्देश दिए गये। लेप्रोसी का सर्वे कराकर चिन्हांकित लोगों को दवा शुरू कराने के निर्देश दिये गये। क्षय रोग के निदान एवं उपचार के लिये चिन्हाकिंत कर मरीज का टू-नाट स्क्रीन के लिये भेजने के निर्देश दिए गए। संस्थागत प्रसव को अधिक से अधिक बढ़ावा एवं होम डिलवरी शुन्य करने के निर्देश सीएमएचओ डॉ.केशरी ने समस्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को दिये।

## पौनी पसारी योजना से मिल रहा शहरवासियों को व्यवस्थित बाजार का लाभ

» 52 लाख की लागत से भगवानपुर और केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास में किया गया निर्माण



**रायगढ़।** पौनी पसारी योजना के तहत शहरवासियों को व्यवस्थित बाजार का लाभ मिल रहा है। करीब 52 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 44 भगवानपुर और वार्ड क्रमांक 5 केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास पौनी पसारी योजना के तहत चबूतरा निर्माण कराया गया।

राज्य शासन द्वारा शहर में ठेला, गोमचे व अव्यवस्थित रूप में सब्जी, फल दुकान लगाने वालों के लिए पौनी पसारी योजना के तहत व्यवस्थित बाजार बनाने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए शासन द्वारा सभी निकाय को योजना के तहत स्थान चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए थे। रायगढ़ नगर निगम द्वारा भगवानपुर और केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास योजना के तहत चयन किया गया था। शासन से फंड मिलने के बाद निविदा प्रक्रिया कर दोनों ही स्थान पर चबूतरा निर्माण कराया गया। पौनी पसारी योजना के तहत एक स्थान के लिए शासन ने 26 लाख रुपए फंड जारी किया था। इसमें भगवानपुर पौनी पसारी के तहत बने चबूतरा का विधिवत उद्घाटन हुआ है। इसी केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास योजना के तहत चबूतरा बनकर तैयार है। पौनी पसारी योजना के तहत चबूतरा निर्माण से क्षेत्रवासियों को व्यवस्थित बाजार की सुविधा मिली है। यहां विधिवत पार्किंग और चबूतरा से सुबह से रात तक सब्जी फल लेने की सुविधा है। इससे पूर्व बरसात के दिनों में शेड नहीं होने के कारण कीचड़ आदि होने से लोगों को असुविधा होती थी। इसी तरह सब्जी, फल दुकान संचालकों को भी परेशानी होती थी। चबूतरा निर्माण से एक तरफ जहां सब्जी, फल दुकान लगाने वालों को सुविधा मिली, वहीं क्षेत्रवासियों को व्यवस्थित बाजार की मांग पूरी हुई।

## मंत्री उमेश ने 1 करोड़ 18 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन




**रायगढ़ ।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने आज खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 1 करोड़ 18 लाख 57 हजार के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास गांव के विकास के बिना पूर्ण नहीं हो सकता है। यही कारण है कि छ.ग.शासन निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतों को ध्यान में रखकर योजना क्रियान्वित कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वालंबन के लिए गांवों में ही रोजगार के मौके तैयार किये जा रहे हैं। कृषि कार्यो के सुदृढ़ीकरण के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरुआत की गई है। इससे धान के साथ दूसरी फसलों के लिए भी किसानों को आदान सहायता दी जा रही है। जिन किसानों के पास भूमि है उनके लिए तो योजना संचालित है, लेकिन जिनके पास भूमि नहीं है उनके लिए भी राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत भूमिहीन श्रमिक प्रत्येक परिवार के लिए 6 हजार रूपए प्रतिवर्ष अनुदान राशि दी जाएगी। इसके लिए पंजीयन कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही सुपोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि गांवों में लोगों की मांग और जरूरत के अनुसार अधोसंरचनात्मक विकास के कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। जनसम्पर्क के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत भी हुए और उनके सामयिक निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती श्रीमती संतोषी राठिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया महेत्तर राम उरांव, सरपंच परसापाली विलेन्द्र कुमार सिदार, सरपंच परसकोल श्रीमती उत्तरा जयसिंह सिदार, सरपंच सूती बगबुड़वा विदेश सिदार, उप सरपंच सुरेश पटेल, उप सरपंच दाताराम साहू, जनपद सदस्य खरसिया गौतम राठिया, श्रीमती पूजा भोला राठौर, श्रीमती कराबाई चन्द्रशेखर पटेल, नेत्रानंद पटेल, मनोज गवेल, अभय महंती, एसडीएम अभिषेक गुप्ता, सीईओ जनपद हिमांशु साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**इन कार्यो का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन –** ग्राम-परसापाली में 2 लाख रुपये की लागत से चबुतरा निर्माण, 68.72 लाख रुपये की लागत से जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी निर्माण, ग्राम-भदरीपाली में 6.45 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ग्राम-परसकोल में 6.45 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण, 5.91 लाख रुपये की लागत से प्रा.शा.तेलीपाली में आहाता निर्माण, 6.45 लाख रुपये की लागत से बगबुड़वा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण, 9 लाख रुपये की लागत से सूती बगबुड़वा में सामुदायिक भवन निर्माण, 6.45 लाख रुपये की लागत से सूती में आंगनबाड़ी भवन निर्माण, 7.14 लाख रुपये की लागत से सूती बगबुड़वा में आहाता निर्माण कार्य शामिल है।

## शाकम्बरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने किया शासकीय बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र बाना का अवलोकन

» बीजोत्पादन प्रकिया और फल परिरक्षण की ली जानकारी

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर जिले के शासकीय बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र बाना में गत दिवस छत्तीसगढ़ राज्य के शाकम्बरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने प्रक्षेत्र का भ्रमण किया और यहां संचालित उद्यानिकी विकास के कार्यो का अवलोकन करते हुए बीजोत्पादन प्रकिया तथा फल परिरक्षण संबंधी प्रशिक्षण की जानकारी ली गई। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के फिल्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लघु तथा सीमान्त कृषकों को विशेष रूप से लाभान्वित करने और योजनाओं का क्रियान्वयन फिल्ड में पहुंचकर सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग कि योजनाओं का लाभ प्रत्येक वर्ग के किसानों तक पहुँचाना एवं उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना ही एक मात्र लक्ष्य होना चाहिए। बैठक में शाकम्बरी बोर्ड के सदस्य पवन पटेल सहित उप संचालक उद्यान नारायण सिंह लावत्रे, सहायक संचालक उद्यान बाना श्रीमति पूजा कश्यप साहू, सहायक संचालक उद्यान प्रमुख उद्यान बी. एस. परिहार, सहायक संचालक उद्यान फल परिरक्षण विनय त्रिपाठी, सहायक संचालक उद्यान मिथलेश देवांगन सहित अन्य समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## तमनार तहसील कार्यालय के निरीक्षण में पहुंचे संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग

» राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के साथ अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण के दिए निर्देश





**रायगढ़ ।** संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग आज रायगढ़ जिले के तमनार तहसील कार्यालय के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने तहसील के कामकाज की समीक्षा की। तहसीलदार व नायब तहसीलदार न्यायालय में लंबित व निराकृत प्रकरणों की उन्होंने जांच की। इस दौरान उन्होंने राजस्व अभिलेखों के संधारण का भी अवलोकन किया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर भीम सिंह, एडीएम राजेन्द्र कटारा, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी व सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन भी उपस्थित रहे।

संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने तहसील कार्यालय के स्टॉफ को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व मामलों का समय से निराकरण करना सभी राजस्व अधिकारियों का प्राथमिक दायित्व है। अतः तहसील अंतर्गत लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करें। उन्होंने पटवारियों द्वारा समय पर प्रतिवेदन नहीं दिए जाने को लेकर नाराजगी जताई और एसडीएम को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी के लिए पटवारियों से समय से प्रतिवेदन लिया जाए।

संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने तहसीलदार न्यायालय अंतर्गत सिविल मामलों के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने प्रकरणों के आर्डर शीट का अवलोकन किया। कुछ प्रकरणों में पटवारी से प्रतिवेदन अपेक्षित होने पर समय से उसे मंगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले किसान तथा अन्य पक्षकारों को जल्द से जल्द उनके प्रकरण का निराकरण करके दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बी-1, बी-2, बी-3, सी-1, सी-2 की जानकारी ली। उन्होंने नायब तहसीलदार न्यायालय के प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही नाजिर शाखा के काम-काज का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गिरदावरी कार्य का भी अवलोकन किया। इस मौके पर एसडीएम घरघोड़ा अशोक मार्बल, तहसीलदार टी.आर.कश्यप, नायब तहसीलदार सुश्री अनुराधा पटेल सहित तहसील कार्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-झारमुड़ा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए किए जा रहे कार्यों के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना का निरीक्षण किया व कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से गांव में हुए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बताया गया कि गांव में 31.63 लाख रुपए की लागत से मिशन का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत 294 घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित है जिसमें से 230 कनेक्शन दिए जा चुके है। संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने योजना के लाभार्थी कार्तिक राम के घर जाकर नल कनेक्शन व जलापूर्ति का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने वाटर टैंक से आने वाले नल कनेक्शन की पाईप को गाईड लाईन के अनुसार जमीन के अंदर बिछाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सही तरीके से पाइप लाइन बिछाने से ही नल कनेक्शन का लाभ अबाधित रूप से हितग्राहियों को मिलता रहेगा। साथ ही जहां नल कनेक्शन दिया गया है वहां पास में सोख्ता गड्ढा बनाने के निर्देश दिए। जिससे ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज होता रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480